हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 5 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 36.9 डिग्री
न्यूनतम 20.1 डिग्री

12 लाखों के गहने व नगदी पर चोरों ने किया हाथ साफ



12 बदलावों की परिकल्पना करती है नई शिक्षा नीति



## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी, युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** नारायणगढ़ में दर्ज विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी से एक बड़ी रकम हड़पने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी संदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। बड़ा गांव के सुरेंद्र सिंह ने 18 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 नवंबर 2023 को आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने विदेश भेजने के नाम पर उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने व जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी समीर खान व नूर मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। मोहड़ी के हरजिंद्र सिंह ने 7 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 2 अप्रैल 2025 को सब्जी मंडी अंबाला छावनी के गेट से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### महिला की बालियां छीन कर भागे दो बदमाश काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी मोहित कुमार व विकास कुमार उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 25 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि पीकेआर जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल के पास मोटरसाइकिल सवार दो आरोपियों ने उसकी कान की बालियाँ छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### जमीन को लेकर मारपीट के पांच आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना बापौली पुलिस ने खोजकीपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर गांव निवासी सतपाल व इसके परिवार पर लाठी, डंडों से हमला कर चोट मारने मामले में पांच आरोपियों सत्यवान, संजय, सुभाष, श्रीराम व राजपाल को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना बापौली प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज ने बताया कि इस मामले में सतपाल की शिकायत पर आरोपियों पर केस दर्ज है। वहीं फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### खेत से गुजर रहे बिजली निगम के तार चोरी

**पानीपत।** इसराना थाना के तहत आने वाले गांव पुगथला निवासी किसान नवीन के खेत से चोरों ने दो जून की रात को 11 केवी लाइन के तीन स्पैन के तार चुरा लिए। नवीन की शिकायत पर पुलिस व बिजली अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। बिजली निगम के के आंकलन के अनुसार चोरी से 54,250 रुपए का नुकसान हुआ है। इधर, थाना इसराना पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चोरी मामले में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने रिमांड पर चल रहे चोर गिरोह के आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की वारदातों में संलिप्त गिरोह के फरार और दो आरोपियों गांव बिसानी जिला किशनगंज बिहार हाल बतरा कॉलोनी निवासी आरोपी मुख्तयार, पंजाबी मौहल्ला सफीदो हाल वार्ड नंबर 22 किशनपुरा निवासी आरोपी राहुल उर्फ बच्ची व चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी कबाड़ी गांव धर्मगंज जिला किशनगंज बिहाल हाल पहलवान चौक कुटानी रोड निवासी आरोपी जाविद को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पकडे गए चोरों के गैंग ने पानीपत जिला के चार थाना क्षेत्र में चोरी की 22 वारदातों को अंजाम देने को स्वीकारा है।

## कृषि मंत्री ने किया एपल गार्डन और सब्जी मंडी का दौरा

# प्राकृतिक खेती से जमीन के साथ लोगों की सेहत भी सुधरेगी : राणा

### सब्जी मंडी बोर्ड के सचिव से व्यवस्था की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- मछली पालन के साथ-साथ बागवानी और डेयरी क्षेत्र में भी किसानों का रुझान बढ़ रहा

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की मांग है। इससे जमीन के साथ-साथ लोगों की सेहत में भी सुधार होगा। जहरीला अनाज खाने से लोगों की सेहत भी खराब हो रही हैं और वे गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

श्री राणा आज यहां जीटी रोड पर लवली नर्सरी में एपल गार्डन का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राणा ने कहा कि इस नर्सरी में बागवानी पौधों की पौध तैयार की जाती है जिसे देश के विभिन्न हिस्सों में भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में परंपरागत खेती में बदलाव आया है। मछली पालन के साथ-साथ बागवानी और डेयरी क्षेत्र में भी किसानों का रुझान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में सबसे अधिक योगदान कृषि का है। श्री राणा के अनुसार उत्तम खेती, मध्यम व्यापार, अधम चाकरी और भीख निदान कहावत का जिक्र करते हुए कहा कि खेती को सबसे अच्छा काम बताया। सरकार का प्रयास है कि खेती का और अधिक विकास हो। एक प्रश्न पर कहा कि आज युद्ध का तरीका बदल गया है, इसमें प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो रहा है। भारत की लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ है, न कि पाकिस्तान की जनता के साथ। पाकिस्तान की सेना में आतंकवादियों का साथ दिया। इसी कारण वहां के एयरबेस पर भारत को हमला करना पड़ा। पाकिस्तान की सेना आतंकवादियों से मिली हुई है। पाकिस्तान की विदेश नीति पाकिस्तान की सेना के अधिकारी बनाते हैं। जब तक इस वहां की सेना राजनीति में शामिल रहेगी तब तक वहां के हालात नहीं सुधर सकते। इससे पहले उन्होंने नर्सरी का दौरा कर सेब की विभिन्न किस्मों के बारे में जानकारी ली और सेब का स्वाद चखा।

फ्रूट एंड वेजिटेबल एफपीओ प्राइवेट कंपनी लि. की ओर से मंत्री को दस सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। इस मौके पर राणा ने पौधारोपण भी किया। कृषि मंत्री को इस अवसर पर स्मृति चिह्न के रूप में हल भेंट किया गया। नर्सरी संचालक नरेंद्र चौहान ने मंत्री को सेब की विभिन्न किस्मों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के उप कुलपति डा. एसके मल्होत्रा, कृषि उपनिदेशक डा. वजीर सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण लाठर, नर्सरी संचालक नरेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।



करनाल। कृषिमंत्री को हल देकर सम्मानित करते हुए किसान।

#### कमियां दूर करेंगे

कृषि मंत्री ने यहां सब्जी मंडी का दौरा किया और मंडी बोर्ड सचिव से सफाई, पेयजल, केंटीन, शौचालय आदि की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कुछ आढ़तियों ने टूटी चारदीवारी की मरम्मत कराने की मांग की। इस पर मंत्री ने मंडी सचिव को केस बनाकर भेजने के निर्देश दिए। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत का नारा साकार करने के लिए हर व्यक्ति के घर व आसपास के वातावरण को साफ सुथरा बनाए रखने में मदद करनी चाहिए। यहां भी एक प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि जिन्स को बारिश से बचाने के लिए यदि कहीं तिरपाल वगैरह की कमी है तो उसे दूर किया जाएगा। इस मौके पर मार्किट कमेटी की सचिव आशा और सब्जी मंडी के आढ़ती मौजूद रहे।

# चार पंचायतों में सरपंच के लिए 15 को चुनाव

- प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी, जीत के लिए प्रत्याशी कर रहे प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रिक्त पड़े पदों के लिए पंचायती चुनाव की तैयारियां हो गई हैं। जीत के लिए अब प्रत्याशी घर घर जाकर प्रचार कर रहे हैं।

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश पर पंचायत उप-चुनाव 2025 के लिए सरपंच व पंच के रिक्त पदों पर चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी गई हैं। सभी छह खंडों में 24 से 30 मई 2025 खंड अंबाला प्रथम की 6 ग्राम पंचायतों में एक सरपंच व 6 पंचों के पद, खंड अंबाला द्वितीय की 3 ग्राम पंचायतों में 2 सरपंच व 13 पंचों के पद, खंड साहा की 3 ग्राम पंचायतों में पंचों के 3 पद व खंड शहजादपुर की 9 ग्राम पंचायतों में एक सरपंच व 8 पंचों के पद भरने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। 36 ग्राम पंचायतों के 5 सरपंचों व 36 पंचों के कुल 41 पद रिक्त थे। इसके लिए 24 मई से 30 मई तक खंड अम्बाला प्रथम में 6 नामांकन, खंड अंबाला द्वितीय में 2 नामांकन, खंड बराड़ा में 6 नामांकन, खंड नारायणगढ़ में 15, साहा में 2 व खंड शहजादपुर में 10 नामांकन आए थे।

### इनका निर्विरोध निर्वाचन

2 जून तक खंड अंबाला प्रथम में 2 पंचों के पदों, खंड अम्बाला द्वितीय में 2 पंचों के पदों, खंड बराड़ा में 3 पंचों के पदों, खंड नारायणगढ़ में एक सरपंच व 6 पंचों के पदों, खंड साहा में 2 पंचों के पदों व खंड शहजादपुर में 7 पंचों के पदों पर कुल एक सरपंच व 22 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। नामांकन वापिस लेने के बाद खंड अंबाला प्रथम में 4 पंच, खंड अम्बाला द्वितीय में एक पंच पद, नारायणगढ़ में 7 पंच, खंड साहा में एक पंच पद व शहजादपुर में पंच पद के कुल 14 पंच पद रिक्त रह गए हैं। कुल 36 पंचों में से 22 पंच सर्वसम्मत्ति से चुनने उपरांत 14 पंचों के पद रिक्त रह गए हैं। 5 सरपंचों में से खंड नारायणढ़ की एक पंचायत लखनौरा का सरपंच सर्वसम्मत्ति से चुना गया है। केवल खंड अंबाला प्रथम की ग्राम पंचायत काठगढ, खंड बराडा की सज्जन माजरी, खंड नारायणगढ की पंचायत आजमपुर व शहजादपुर की ग्राम पंचायत नसडौली में सरपंच पद के लिए 15 जून को उप चुनाव होगा।

# मकान का झांसा देकर विधवा से ठगे 44 लाख

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विधवा महिला को मकान दिलाने का झांसा देकर 44 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप भारत सेवक नगर निवासी देवेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार व रिषिपाल कांबोज पर लगा है। आरोपियों ने पैसे वापस मांगने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गोविंदपुरा निवासी नीतू रानी ने बताया कि उसके पति का कुछ समय पहले देहांत हो गया। उनके निधन पर सरकार की ओर से मुआवजा दिया गया था। अब उसे एक प्लाट खरीदना था। इसके लिए रिश्तेदार रिषिपाल कांबोज ने प्रापर्टी डीलर प्रदीप कुमार उर्फ दीपक से मिलवाया। आरोपी ने उसे शिवपुरी कालोनी मांडखेड़ी की टपरिया में 200 वर्ग गज का मकान दिखाया। आरोपियों ने साजिश के तहत उसे प्लाट के असली मालिक से नहीं मिलवाया। उसने आरोपियों की बातों में आकर उन्हें दो लाख रुपये दे दिए। बाद में आरोपी प्रदीप कहने लगा कि प्लाट मालिक देवेंद्र तिवारी इस मकान को किसी और को बेच रहा है। उसे तुरंत दस लाख रुपये देने होंगे। आरोपी प्रदीप व रिषिपाल कांबोज घर आकर यह रुपये लेकर गए। इस तरह से आरोपियों ने अलग-अलग कर उससे 44 लाख रुपये ले लिए। आरोपियों ने मकान की रजिस्ट्री करवा दी।

#### मकान पर था लोन

जब मकान का इंतकाल कराने लगे तो पता लगा कि इस पर लोन खड़ा है। जब इस मकान की जमाबंदी निकलवाई तो जानकारी मिली कि इस मकान पर 21 लाख रुपये का लोन है। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो वह टाल मटोल करने लगे। उनसे रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने उन्हें पैसे देने से साफ मना कर दिया। इस संबंध में 29 मार्च को बूड़िया गेट चौकी में शिकायत दी। जहां आरोपियों ने मौजिज लोगों की उपस्थिति में 42 लाख रुपये वापस करने का वादा किया और समझौता कर दिया। मगर आरोपियों ने पैसे नहीं दिए।

# चलते ट्रक से युवकों ने चावलों से भरे कट्टे लूटे

- स्पीड ब्रेकर पर ट्रक धीरे होने से युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

बीती रात को लगभग दस बजे के आसपास लल्यानी रोड पर चावलों के लदे चलते ट्रक से चावलों के कट्टे चोरी हो गए।

ट्रक ड्राइवर फरदीन निवासी थाना भवन यूपी ने बताया कि मैं एसपी एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड राईस मिल से चावल के कट्टे लोड करके बंगाल के लिए निकला था। जैसे मैं गांव लल्यानी से निकला तो गांव के ब्रेकर पर गाड़ी से पीछे दो युवक चढ़ गए। जिन्होंने तारपाल को काटकर 30-30 किलो के पांच कट्टे नीचे गिरा दिए। कुछ दूरी पर जाकर राहगीरों ने मुझे इशारे से रोक कर इसके बारे में बताया कि तुम्हारे चावलों के कट्टे नीचे फेंक दिए हैं। जब मैंने गाड़ी रोक कर देखा तो दो युवक काले रंग की बिना नंबर प्लेट की बाइक पर तीन कट्टे चावलों के लेकर भाग रहे थे और दो कट्टे मौके पर ही छोडक़र चले गए। मैंने फौरन राइस मिल के मालिक को फोन करके मौके पर बुलाया और 112 नंबर पुलिस को इसकी सूचना दी। उन्होंने युवकों को पकड़ कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाने की मांग की है।





तरावड़ी। ट्रक के ऊपर कटी तरपाल से बाहर निकले हुए चावलों के कट्टे तथा सड़क पर गिरे हुए चावलों के कट्टे। फोटो : हरिभूमि

#### पुलिस गश्त की मांग

मिल मालिक ने बताया कि आए दिन इस रोड पर ऐसी चोरी की वारदात होती रहती हैं। पहले भी चलते ट्रकों से चावल के कट्टे युवक चोरी कर लेते हैं। हमने विधायक भगवान दास कबीरपंथी को पिछले हफ्ते हुई एक बैठक में इस समस्या के अवगत करवाया था कि इस रोड पर चोरी की वारदात बहुत होती है। इस पर पुलिस की गश्त और सडक पर लाइटें लगवाई जाएं। अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। हमारी प्रशासन से मांग है कि इस रोड पर पुलिस की गश्त करवायें और रोड पर लाइटिंग की व्यवस्था करवायें।

# हत्या मामले में 4 गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने किरमच गांव में झगडे के दौरान गंभीर चोट से हुई रामरतन हत्या मामले के नाबालिग सहित 4 आरोपियों मोहित उर्फ संदीप, रामकुमार उर्फ काला, आर्यन व एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थाना केयूके प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में कर्ण वासी किरमच जिला कुरूक्षेत्र ने बताया कि वह पढाई करता है। उनके गांव में पब्लिक का मनोरंजन करने के लिए साईकिल सर्कस करने वाला आया हुआ है। 29 मई की रात समय करीब 10 बजे वह राम रतन व पूर्ण सिंह के साथ साईकिल सर्कस देखने के लिए गया था। वहां पर कुछ लडकों ने शराब के नशे में उनके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी। जब उन्होंने उनका विरोध किया तो उन सबने उनके ऊपर लोहे की रॉड व ईंट से हमला कर दिया। हमले की वजह से राम रतन को काफी चोटें आई। मौके पर काफी लोग इक्टठे हो गए जिनको देखकर आरोपी जान से मारने की घमकी देकर भाग गए। घायल राम रतन को हस्पताल पहुंचाया जहाँ पर डाक्टर ने राम रतन को मृत घोषित कर दिया।

# गैरकानूनी तरीके से बनाई जा रही बिल्डिंग और मोबाइल टावर सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर परिषद की टीम ने अवैध तरीके से तैयार की जा रही इमारत को सील कर दिया। यह कार्रवाई अंबाला छावनी की मोची मंडी में की गई। यहां एक नोटिस भी चस्पाया गया कि अगर सील इमारत के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ की गई तो फिर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाया जाएगा। इसी प्रकार नप ने दूसरी कार्रवाई दयालबाग में की। यहां अनधिकृत तरीके से रिहायशी क्षेत्र में लगाए जा रहे मोबाइल टावर के कार्य को रुकवाया गया। इसे सील किया गया। भवन मालिकों को चेतावनी जारी की गई कि अगर उसने नियमों के खिलाफ कुछ भी कार्य किया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल दयालबाग के लोगों ने कुछ दिन पहले मोबाइल टावर को लेकर मंत्री अनिल विज को शिकायत दी थी। इसके बाद नप टीम ने मौके पर पहुंचकर काम को रुकवा दिया था लेकिन इसके बाद दोबारा से भवन मालिक ने काम शुरू कर दिया था। मौके पर नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार व भवन निरीक्षक रमेश कुमार भी मौजूद रहे।

## जिला प्रशासन ने किया नौवां क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

# श्रीलंका के सिविल सेवकों को योजनाएं बताईं

- एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में श्रीलंका के सिविल सेवकों के लिए डिजिटल गवर्नेंस पर 9वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में श्रीलंका के 40 सिविल सेवकों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगाधरी के एसडीएम सोनू राम ने की।

जगाधरी के एसडीएम सोनू राम ने बताया कि हरियाणा के आम नागरिकों को सरल केंद्र एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से 957 से अधिक योजनाएं और सेवाएं प्रदान करता है। जिला में 1332 कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) व 7 सरल केंद्रों पर 44 विभागों की सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने राइट टू एक्ट के बारे में भी जानकारी दी। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता ने बताया कि हर समय पोर्टल के माध्यम से हरियाणा पुलिस द्वारा लोगों को सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि लोगों की मदद के लिए डायल 112 आपातकालीन नम्बर जिससे पुलिस, एम्बुलेंस और आग जैसी विभिन्न आपात स्थितियों में सहायता प्राप्त की जा सकती है। 112 आपातकालीन नंबर को फोन कॉल, एसएमएस, ई.मेल, पैनिक बटन और 112 इंडिया मोबाइल ऐप के माध्यम से जोड़ा जा सकता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता ने बताया कि वित्तीय साइबर धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतें राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके दर्ज की जा सकती हैं। वहीं, सीईओ जिला परिषद वीरेन्द्र सिंह ढुल ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना व मनरेगा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने सीएम अनाउंसमेंट पोर्टल, सीएम विंडो पोर्टल आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने हरियाणा लैंड रिकार्ड सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक जतिन मित्तल ने राशन की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस सिस्टम) के बारे में अवगत कराया।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में श्रीलंका के सिविल सेवकों को डिजिटल गवर्नेंस की जानकारी देते हुए अधिकारी।

#### सरल केंद्र का दौरा

श्रीलंका से आए अधिकारियों ने सरल केंद्र का दौरा कर जानकारी हासिल की। मौके पर श्रीलंका से आए हुए अधिकारियों ने जगाधरी के एसडीएम सोनू राम व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### भिखारी ने किशोरी से दुष्कर्म किया

**पानीपत।** पानीपत में भीख मांगने के बहाने घरों में जाने वाले एक व्यक्ति ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया है। आरोपी ने रेप के बाद लड़की को इस घटना की जानकारी किसी को भी देने पर हत्या करने की धमकी देकर फरार हो गया। वहीं, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड लिया है। इधर, पुलिस को दी शिकायत में मूल रूप से उत्तर प्रदेश की निवासी महिला ने बताया कि हाल में वह अपनी तीन बहनों व एक भाई के साथ पानीपत की एक कालोनी में रहती है। महिला ने बताया कि उसकी बहन उसके एक वर्षीय बेटे की देखभाल करती है। कॉलोनी में एक दाड़ी वाला बाबा भीख मांगने के लिए आता था। जिसको वे रोजाना पैसे दे देते थे। वहीं, 30 मई को किशोरी को घर पर अकेली देख भिखारी ने किशोरी को अपनी बातों में फंसा लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दूसरी ओर, इस मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। पुलिस ने युवती के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 18 वर्षीय लड़की तीन जून को शाम पांच बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। उसका मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। छानबीन करते हुए पता लगा कि जोगिंद्रनगर निवासी किशु उसकी लड़की से फोन पर बात करता था। उसने आरोप लगाया कि आरोपी युवक किशु उसकी लड़की को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर ले गया है।

### कुवि ने घोषित किए 12 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 12 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बीएएमसी तृतीय सेमेस्टर (पुनः परीक्षा), एम.एससी. भौतिकी इंजी. सीबीसीएस 5वां सेमेस्टर (पुनः परीक्षा), एम.एससी. भौतिकी इंजी. सीबीसीएस 7वां सेमेस्टर (पूर्ण), एम.एससी. भौतिकी इंजी. सीबीसीएस 9वां सेमेस्टर (पूर्ण), बी.टेक (एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग) 7वां सेमेस्टर, बी.एससी. फैशन डिजाइनिंग तीसरा सेमेस्टर, बी.एससी. खेल विज्ञान. प्रथम सेमेस्टर (पुनः परीक्षा), बी.टेक. 7वां सेमेस्टर (ईसीई) (पुनः परीक्षा), बी.टेक. 7वां सेमेस्टर (सीएसई), एम.ए. (सार्वजनिक प्रशासन) तृतीय सेमेस्टर (सीबीसीएस), बी.एससी. (स्पोर्ट्स एससी.) प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) फ्रेश तथा बी.ए. जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन प्रथम सेमेस्टर (एनईपी 2022 और एनईपी 2023 (फ्रेश और रि-अपीयर) परीक्षाओं परिणाम घोषित किए गए हैं।

### साइबर ठगी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम में दर्ज साइबर फ्रॉड के मामले में पुलिस ने आरोपी बाबू लाल वासी चुरू राजस्थान को गिरफ्तार किया है। उसे अब चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। गोवर्धन नगर के प्रीतम राय ने 30 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 मई 2024 को उसके मोबाइल के शेयर मार्केटिंग में पैसा निवेश करने को लेकर एक मैसेज आया था। लालचवश वह मैसेज में आए ग्रुप से जुड़ने के बाद वह ऑनलाइन शेयर खरीदने लगा। इस प्रकार वह लगातार पैसे लगाकर ऑनलाइन शेयर खरीदता रहा। साफ्टवेयर ने उसके खाते में लगभग 78 लाख रूपये शो किए गए। लेकिन जब वह पैसे निकालने लगा तो उसके खाते से पैसे नहीं निकले। आरोपियों ने ऑनलाइन शेयर मार्केटिंग के नाम पर उससे 30 लाख 40 हजार ठग लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था।

# पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बने डॉ. केआर भारद्वाज

भगवान सिंह राणा ▶▶ यमुनानगर

पर्यावरण दिवस

यकीनन खुशनसीब हैं हर वो इंसान यहां, जो जान गया है कि प्रकृति का महत्व क्या है...ऐसे ही खुशनसीब हैं जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 निवासी 75 वर्षीय सेवानिवृत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. केआर भारद्वाज जो वर्ष 1998 से प्रकृति के महत्व को समझते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं। उम्र के अंतिम पड़ाव में आज डॉ. केआर भारद्वाज पर्यावरण प्रहरी बनकर पौधारोपण कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए डॉ. केआर भारद्वाज हरियाणा सरकार द्वारा सम्मानित भी हो चुके हैं।

## 75 वर्षीय भारद्वाज रोपित करवा चुके हैं 20 हजार पौधे

### मां के नाम पेड़ लगाकर दें योगदान

सेवानिवृत एसोसिएट प्रोफेसर एवं पर्यावरणविद्ध डॉ. केआर भारद्वाज ने युवा वर्ग को मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाए जाने के लिए आहवान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि हम सभी अपने जन्म दिन अथवा अपने अन्य कार्यों के दौरान भी एक एक पेड़ लगाएं तो पर्यावरण संरक्षण हो सकता है।



यमुनानगर। सोसायटी आफ एनवायरमेंट मैनेजमेंट एंड बायो रिसर्च द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम का पौधा रोपण कर शुभारंभ करते डॉ. केआर भारद्वाज।

### वर्ष 1998 से प्रयासरत

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 निवासी सेवानिवृत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. केआर भारद्वाज शुरु से ही प्रकृति से प्रेम करने वाले रहे हैं। उन्होंने एसोसिएट प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत होने के बाद पर्यावरण संरक्षण करने की ठान ली। उन्होंने वर्ष 1998 में न केवल पौधारोपण करने का अभियान शुरु किया, बल्कि लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए सेमीनारों व शिविरों के जरिए जागरुक किया। आज डॉ. भारद्वाज 75 वर्ष के हो चुके हैं। मगर अभी भी वह पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरी तरह सक्रीय नजर आते हैं। वह विभिन्न स्कूलों से लेकर सार्वजनिक स्थानों पर अभी तक 20 हजार पौधे रोपित करा चुके हैं। जिसमें सजावटी, फलदार, छायादार, औषधीय पौधे रोपित करवा चुके हैं। यही नहीं वह केवल पौधे रोपित ही नहीं करवा रहे हैं, बल्कि संरक्षित भी कररहे हैं।

### तीन बार हो चुके सम्मानित

हरियाणा सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाने के लिए सेवानिवृत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.केआर भारद्वाज को तीन बार सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कांग्रेस घास उन्मूलन हेतु जागरूकता अभियान चलाकर भी सराहनीय कार्य किया है। वहीं, डॉ. भारद्वाज ने वनस्पति एवं पर्यावरण विषय पर 35 शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित किए हैं। करीब 25 कॉन्फ्रेंस सेमिनार और सिंपोजियम में भाग लिया है। इसके अलावा डॉ. केआर भारद्वाज करीब 25 साल तक सोसायटी आफ एनवायरमेंट मैनेजमेंट एंड बायो रिसर्च (संबर सोसाइटी) के प्रधान रह चुके हैं। वर्तमान में इस समिति के संरक्षक भी हैं। डॉ.भारद्वाज एक रिसर्च जनरल ऑफ साइंस के मुख्य संपादक रहे हैं। जिला आपदा प्रबंधन कमेटी के सदस्य भी हैं। वह आपदा प्रबंधन के लिए विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के लिए जागरूक करते हैं।

## खबर संक्षेप

### महिला ने पड़ोसी पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पड़ोसी व्यक्ति पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर आरोपी व्यक्ति ने अपने भाई व पत्नी के साथ महिला के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 12 को

**जींद।** सहायक रोजगार अधिकारी अनन्या ने बताया कि उपमंडल रोजगार कार्यालय सफीदों द्वारा 12 जून को सुबह 10 बजे राजकीय आईटीआई खेड़ा खेमावती में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पुक्राज हेल्थ केयर करनाल बारहवीं पास महिला द्वारा वेलनेस एडवाइजर के पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए आयु 18-25 वर्ष होनी चाहिए एवं नव भारत बायो फर्टिलाइजर सोनीपत द्वारा फील्ड ऑफिसर 12वीं पास के पदों पर भर्ती की जाएगी।

### रा.स्कूल में होगी नृत्य लोक गायन कार्यशाला

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के बैनर तले एक 15 दिवसीय लोक नृत्य व लोक गायन की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला की ओर से मुख्य प्रशिक्षक रितु शर्मा 80 बच्चे को लोक नृत्य व लोक गायन का प्रशिक्षण देंगे। निदेशक फुरकान खान ने बताया कार्यशाला का उद्देश्य बच्चो को हरियाणा की लोक संस्कृति से रूबरू करवाना है।

### किसानों के खेतो से बिजली केबल चोरी

**जींद।** गांव बहादुरपुर खेतों में बीती रात चोरों ने 14 किसानों के टयूबवैलों से कीमती केबल चोरी कर ली। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बहादुरपुर निवासी हरभजन समेत 14 किसानों ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती रात चोरों ने उनके खेतो से केबलों को चोरी कर लिया।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह वार्षिक पुरस्कार व्यक्तियों एवं संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को पहचानने एवं सम्मानित करने के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा प्रतिवर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर की जाती है।

## ट्विन सिटी के प्रत्येक वार्ड में आयोजित किए योगाभ्यास कार्यक्रम

# नियमित योगाभ्यास करके शारीरिक व मानसिक रूप से रह सकते स्वस्थः मेयर

आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों की देखरेख में आयुष योग सहायकों द्वारा अभ्यास करवाया गया

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हुए योगाभ्यास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। वार्ड नंबर एक में योगाभ्यास करते हुए साधक। फोटो : हरिभूमि

महानिदेशक आयुष विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में टिवन सिटी के प्रत्येक वार्ड में योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वार्ड नंबर में मुख्यातिथि के रुप में मेयर सुमन बहमनी ने भाग लिया। जबकि अन्य वार्डों में संबंधित पार्षद मुख्यातिथि रहे। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉण प्रतिभा भाटिया ने बताया कि जिला योग समन्वयक डॉ. सुनील कुमार, योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार व आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों की देखरेख में आयुष योग सहायकों व योगा इन्सट्रक्टरों के द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के अन्तर्गत एक दिवसीय प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन ट्विन सिटी के वार्ड नंबर एक से लेकर 22 तक प्रत्येक वार्ड में आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन यमुनानगर के द्वारा सभी पार्षदों के सहयोग से योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया है। जिसमें सभी पार्षदों द्वारा सभी वार्डों में हजारों की संख्या में भारी जनसमूह के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। मौके पर योग दिवस को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए मोबाईल नंबर पर रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए जागरूक किया



यमुनानगर। राजकीय स्कूल अलाहर में योभ्यास करते बच्चे व स्टाफ सदस्य।

### योग जीवन में संतुलन लाने का है माध्यमः सोहिल

रादौर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर में बुधवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर रमेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश सोहिल ने बताया कि योग शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाना, परीक्षा के भय को कम करना, याददाश्त को मजबूत बनाना व जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव करना रहा। योग प्रशिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न योगाभ्यास करवाए जो मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। मौके पर प्रधानाचार्य मुकेश सोहिल ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन में संतुलन और शांति लाने का माध्यम है। आज के समय में बच्चों के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर संजय कुमार, संजीव कुमार, संदीप कुमार, रिशु गुप्ता, विपिन, दीपक, प्रमोद व मीनाक्षी ने भी योग के विभिन्न पहलुओं पर जानकारियां सांझा कीं और योग की नियमितता पर बल दिया।

## ग्राउंड रिपोर्ट और वास्तविकता में हो एकरूपताः गुप्ता



यमुनानगर के जिला सचिवालय में वीडियो के माध्यम से डीच ड्रेन की सफाई के कार्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला सचिवालय के सभागार में बुधवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। इस दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बैठक में वीडियो रिपोर्ट देखकर डीच ड्रेन रादौर और राक्षी नाला अमलोहा, पुलिया चमरौड़ी, पुल बकाना, बैंडी, टोपरा खुर्द, सुढ़ैल आदि नालों में चल रहे सफाई कार्य की वीडियो देखकर समीक्षा की। मौके पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून आने से पहले समय रहते ड्रेन की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्रोन से पूरी ड्रेन की सफाई के कार्य की रिकॉर्डिंग की जाए एवं ड्रेन के अंदर गिरे हुए पेड़ पौधे, घास फूंस व बहाव में आने वाले अन्य अवरोधकों को अच्छी तरह से साफ किया जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों को ग्राउंड रिपोर्ट और वास्तविकता में एकरूपता होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा एकरूपता में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। इसके अलावा उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सिंचाई विभाग के सभी अधिकारियों को आपसी तालमेल से टीम बनाकर निर्धारित समय सीमा के अंदर ड्रेन अथवा नालों की साफ. सफाई का कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, कार्यकारी अभियंता विजय गर्ग, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को नशा न करने की दिलाई शपथ

- हरियाणा एनसीबी यूनिय अंबाला द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान यमुनानगर में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाते असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर फूल कुमार।

हरियाणा एनसीबी यूनिय अंबाला द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान यमुनानगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्या वक्ता के रूप में यूनिट के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर फूल कुमार, एपीओ किरण पाल सिंह व एनसीबी अधिकारी कैप्टन निर्मल सैनी उपस्थित हुए। इस दौरान विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर फूल कुमार ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम के बारे मे अवगत करवाया। उन्होंने कहा की नशा एक सामाजिक कुरीति है। हम सभी को मिलकर इसे खत्म करना है। नशा सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद कर देता है। इसकी लत व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करती है। युवा पीढ़ी नशे के प्रति समाज की सबसे सवेदनशील कड़ी है और हम सब को मिलकर इस पीढ़ी को बचाना है। उन्होंने सभी को नशे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई। अगर उनके आसपास कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो इसकी शिकायत टोल फ्री नंबर 9050891508 पर कर सकते हैं।

# कृष ने फ्रीस्टाइल कुश्ती में जीता स्वर्ण

- हरिओम शिवओम पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। विजेता खिलाड़ी कोच के साथ खुशी जताते हुए।

हरिओम शिवओम पब्लिक स्कूल रादौर के खिलाड़ियों ने तेजली खेल परिसर यमुनानगर में आयोजित जिला कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में स्कूल के खिलाड़ी कृष वर्मा ने 61 किलोग्राम भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रिंसीपल सुमिता शुक्ला ने बताया कि यमुनानगर के तेजली खेल परिसर में जिला कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उनके स्कूल के खिलाड़ियों ने भी भाग लेकर कुश्ती में अपने जौहर दिखाए। उन्होंने बताया कि जिला कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता में उनके विद्यालय के खिलाड़ी कृष वर्मा ने 61 किग्राम फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है।

वहीं, हिरेंद्र ने 60 किग्राम भारवर्ग की ग्रीको रोमन कुश्ती में स्वर्ण पदक, कृष सैनी ने 45 किग्राम भारवर्ग की फ्री स्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर स्कूल व ब्लॉक रादौर का नाम रोशन किया है। प्रिंसीपल सुमिता शुक्ला ने बताया कि स्कूल के कोच व खिलाडयिों की मेहनत का इनाम उनको सफलता के रूप में मिला है।

## कला व संगीत के जरिए कर सकते हैं भावनाएं व्यक्तः पांचाल




**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में चल रहे सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर में बुधवार को तीसरे दिन विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में हिंदी प्राध्यापक राकेश पांचाल ने भाग लिया।

मुख्यवक्ता एवं विद्यालय के हिंदी प्राध्यापक राकेश पांचाल ने विद्यार्थियों को कला, संगीत, नृत्य व चित्रकला के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। सशक्त अभिव्यक्ति के शक्तिशाली तरीके हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कृति व मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में इनका व्यापक स्थान है। यह अपनी लय व ताल से भावनाओं को व्यक्त करती है। कला, संगीत, नृत्य व चित्रकला रचनात्मक आत्म अभिव्यक्ति एवं सांस्कृतिक पहचान के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। इनके माध्यम से हम अपनी भावनाओं, विचारों व अनुभवों को दुनिया के साथ सांझा कर सकते हैं। इस अवसर पर सुरेश वर्मा, रजनी देवी, राजेंद्र मलिक आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार ने ऑटो में बैठी महिला से झपटा पर्स

**यमुनानगर।** शहर के रेलवे रोड स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक के पास बाइक सवार युवक ने ऑटो में बैठी महिला से उसका पर्स छीन लिया। पर्स में 17 हजार रुपये, छह पेन कार्ड, छह आधार कार्ड व मोबाइल था। महिला अपनी बेटी व पुत्रवधू के साथ ऑटो में घर लौट रही थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की आनंद कालोनी निवासी फ जीजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तीन जून को अपनी बेटी व पुत्रवधू खुशनुमा और अनम के साथ बाजार गई थी। बाजार से काम खत्म करके वह सभी शहर के फव्वारा चौक से ऑटो में बैठकर घर लौट रहे थे। जब वह रेलवे रोड पर पंजाब एंड सिंध बैंक के पास पहुंचे तो बाइक पर सवार होकर एक युवक आया। जब तक वह कुछ समझ पाती आरोपी युवक ने चलते हुए ऑटो से उसका पर्स झपट लिया और रेलवे स्टेशन की तरफ भाग गया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# शिक्षकों को दुविधाओं से निपटने के व्यावहारिक उपायों से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। क्षमतावर्धन कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक।

शिक्षा विभाग के तत्वावधान में न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल व्यासपुर में बुधवार को शिक्षकों की कार्यकुशलता और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दो दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में विशेषज्ञ रूबिना नाज व वरिष्ठ प्रशिक्षक ईशु शर्मा ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता विशेषज्ञ रूबिना नाज ने बताया कि नैतिक आचरण न केवल विद्यार्थियों में संस्कारों का निर्माण करता है। बल्कि शिक्षण संस्थानों की गरिमा को भी ऊँचा उठाता है। उन्होंने शिक्षकों को अपने कार्यों में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही को अपनाने के लिए सलाह दी। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों वके शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान रोल प्ले, समूह चर्चा और केस स्टडी जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को नैतिक दुविधाओं से निपटने के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराया गया। मौके पर प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में नैतिक मूल्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने और छात्रों को सही दिशा देने के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका और प्रबंधक मधुकर कश्यप ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों तथा सहयोगी विद्यालयों का हार्दिक धन्यवाद किया।

## रादौर के छिंबी मोहल्ले में घरों की छतों के ऊपर से गुजर रही तारें

# घरों के ऊपर से गुजरते तार, सता रहा बड़ा हादसा होने का डर

- बिजली निगम प्रशासन से की उनके घरों की छतों से बिजली की तार हटाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। रादौर छिंबी मोहल्ला में छतों के ऊपर से गुजरते बिजली के तारें।

रादौर के छिंबी मोहल्ला में कई घरों की छतों के ऊपर से बिजली के तार गुजरने के कारण लोगों को कभी कोई हादसा होने का डर सताने लगा है। छिंबी मोहल्ला के लोगों ने बिजली निगम प्रशासन से उनके घरों की छतों से होकर गुजर रहे बिजली के तार को हटाए जाने की मांग की है।

रादौर के छिंबी मोहल्ला निवासी प्रवेश कुमार, अनिल मुंजाल, प्रेमचंद कांबोज, मनमोहन सिंह औजला, लालूराम व हरीचंद रोहिला आदि ने बताया कि उनके मोहल्ले में बहुत से घरों की छतों के ऊपर से बिजली की तार गुजर रही हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि आजकल आए दिन तेज हवाएं चल रही हैं। जिससे तारें आपस में टकराकर किसी बड़े हादसे कारण बन सतकी हैं। इस दौरान लालू राम ने बताया कि वह छत से गुजर रही बिजली की लाइनों से टकराकर बुरी तरह से घायल हो गया था। करंट लगने से बड़ी मुश्किल से उसकी जान बची थी। नागरिकों ने बताया कि छतों से गुजर रही बिजली की लाइनों के कारण वह अपने घरों की छतों पर भी नहीं जा सकते। वहीं लाइनो के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है। छिंबी मोहल्ला निवासियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार बिजली निगम के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

### हटाए जाएंगे तार

बिजली निगम के संबंधित जेई सतपाल सिंह ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। वह मौके पर जाकर मुआयना करेंगे। यादि घरों की छतों के ऊपर से बिजली की तारें गुजर रहीं होंगी तो उन्हें जल्द हटवाया जाएगा।



## किसानों को धान की सीधी बिजाई की दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा चलाये जा रहे 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ समन्वयक डॉक्टर बलजीत सिंह सहारण की टीमों ने जिले के 6 गांव में किसानों को जागरूक किया। भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के डॉक्टर अहलावत ने इस अभियान के प्रोग्राम के दौरान किसानों से संवाद किया। इन्होंने गेहूं फसल के रिकॉर्ड उत्पादन के लिए किसानों को बधाई दी तथा उन्हें संस्थान के बीजों व किस्मों के बारे में बताया। टीम 1 की टीम लीडर डॉक्टर सरिता रानी जिला विस्तार विशेषज्ञ, सस्य विभाग ने गांव अजराणा खुर्द, सल्पानी कलां और झांसा के किसानों को मिट्टी की जाँच और धान की सीधी बिजाई से संबंधित जानकारी किसानों से सांझा की। एनडीआरआई करनाल के विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदीप ने दूध से बनाने वाले उत्पाद के मूल्यवर्धन के बारे विस्तार से बताया।

# पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार करना व उसकी रक्षा करना ही पर्यावरण संरक्षण : डॉ. अशोक

*विश्व पर्यावरण दिवस आज, जन्म दिन, वर्षगांठ व अन्य विशेष पर्वों पर करे पौधरोपण*

- हरियाणा पुलिस में सेवारत डॉ. अशोक कुमार वर्मा 20 वर्षों में लगाए 17,500 से अधिक पौधें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा पुलिस में सेवारत डॉ. अशोक कुमार वर्मा पिछले 20 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करते हुए साइकिल का प्रयोग करते हैं और वे अब तक 17500 से अधिक पौधे लगा चुके हैं। हरियाणा में 5 बार साइकिल यात्राएं निकाल चुके हैं। नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर आमजन को जागरू करते हुए डा. अशोक वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित किए जाने चाहिए। बच्चों में युवाओं में पौधरोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। लोगों में जन्म दिन, वर्षगाँठ और अन्य पर्वों के साथ साथ प्रत्येक सुअवसर पर पौधारोपण के प्रति जागरूक कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। भारत में नए विधि नियमों के अनुसार, छोटे-छोटे अपराधों के लिए दंड स्वरूप सामुदायिक सेवा या पेड़ लगाने जैसे विकल्प शामिल किए गए हैं। यह भारतीय न्याय संहिता विधेयक में प्रस्तावित किया गया है। न्यायालय अब अपराधियों को पेड़ लगाने या सामुदायिक सेवा के लिए धार्मिक स्थलों, आश्रय गृहों, अनाथालयों में काम करने का आदेश दे सकती है। अब न्यायालय को अधिकार और शक्ति प्राप्त है कि वह कुछ अपराधों में अपराधियों को पेड़ लगाने का आदेश दे सकती है। यह एक पर्यावरण-अनुकूल दंड है। इससे जहां एक और अपराधी को अपराध का बोध होता है तो दूसरी और उसके उसके मन में पर्यावरण के प्रति सजगता और प्रकृति के प्रति प्रेम उत्पन्न होता है। यह एक बहुत सराहनीय प्रयास है। डा. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार करना, उसकी रक्षा करना और उसे बनाए रखना ही पर्यावरण संरक्षण है।

### विकास के नाम पर प्रकृति से न करें छेड़छाड़



डा. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि गांव और शहरों में अधिक से अधिक नीम, बरगद और पीपल के पौधे रोपित किए जाए। भवन निर्माण और गृह निर्माण करते समय अधिक से अधिक पौधे रोपित करने अनिवार्य होने चाहिए। घरों और दुकानों के बाहर भी वृक्ष हों ऐसा कोई नियम बने तो पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा। पेड़ों के पत्तों में आग न लगाई जाए अपितु उनकी खाद बनाई जानी चाहिए। इसके साथ परंपरागत खेती को अपनाकर भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति बहुत बड़ा कार्य हो सकता है। खेती में बैलों का प्रयोग जहां एक और गौ वंश की परम्परा को बल प्रदान कर सकता है वहीं सड़कों पर बेसहारा पशुओं का प्रकोप नियंत्रित किया जा सकता है। प्राकृतिक गोबर की खाद स्वस्थ भारत के निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका निभा सकती है। ईंधन के द्वारा संचालित संसाधनों पर नियंत्रण करके भी पर्यावरण संरक्षण को बल मिल सकता है। प्राकृतिक पहाड़ों पर अनावश्यक छेडछाड आपदा का कारण बनते हैं, ऐसा व्यवस्थित होना चाहिए। दैनिक कार्यों में साइकिल का प्रयोग स्वस्थ भारत समृद्ध भारत की परिकल्पना को चार चांद लगा सकता है। अभी भी समय है। सावधान रहकर मनुष्य पर्यावरण प्रेमी बने। विकास के नाम पर प्रकृति से छेड़छाड़, ऊँचे ऊँचे भवन, विकास के नाम पर कटते वृक्ष, जंगलों की आग, विकास के नाम पर पहाड़ों का कटाव, सिकुड़ती धरती, सड़कों का विस्तार मर्यादित हो।

## खबर संक्षेप

### आयुष विवि में बीएमडी जांच शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (अस्पताल) में आज शुक्रवार को हड्डी खनिज घनत्व (बीएमडी) जांच शिविर आयोजित किया जाएगा,जिसमें विशेषज्ञों की टीम मरीजों के स्वास्थ्य की जांच और आवश्यक परामर्श भी देंगे। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एवं शल्य तंत्र विभाग के चेयरमैन डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में 6 जून को शल्य तंत्र विभाग की ओपीडी कक्ष संख्या-14 में हड्डी खनिज घनत्व जांच शिविर लगाया जाएगा।



राजेंद्र चौधरी।

### प्रतिभागियों ने सीखी योग की एबीसी



**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर-3 के एक स्कूल में आयोजित एनएसएस शिविर में प्रतिभागियों ने हरियाणा योग के सदस्य एवम भारतीय योग संस्थान के हरियाणा प्रान्त के पूर्व संगठन मन्त्री डॉ मनीश कुकरेजा को हरित क्रांति का प्रतीक पौधा देकर सम्मानित किया। डॉ कुकरेजा ने खेल-खेल में अंग्रेजी भाषा के वर्णों यथा ए.बी.सी. की सहायता से (चित्रों के एनीमेशन, संगीत व कविता से निर्मित) योग के 26 शब्दों यथा आसन आदि के बारे में सैद्धान्तिक व क्रियात्मक दोनो प्रकार का ज्ञान अर्जित किया।

### कुवि के 4 शोधार्थी पीएचडी की उपाधि के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 4 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में कॉमर्स से लक्की वर्मा, मैनेजमेंट से अंजलि, बायो-केमिस्ट्री से मनीषा रानी तथा अप्लाईड जियोफिजिक्स से रमनदीप कौर शामिल हैं।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर महास्वच्छता अभियान का शुभारंभ

# पिपली चौक के आस-पास अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जब उपायुक्त नेहा सिंह एक-एक पॉलिथीन को सड़कों से एकत्रित कर टिप्पर में डाल रही थी तो आम नागरिक भी उपायुक्त की इस कार्य प्रणाली से प्रभावित हुए और उन्होंने ने भी महा स्वच्छता अभियान के साथ जुड़ने का संकल्प लिया। पायुक्त नेहा सिंह ने पिपली गीता द्वार से लेकर सेक्टर 10 तक महा स्वच्छता अभियान के दौरान करीब 2 घंटे श्रमदान किया। उपायुक्त नेहा सिंह ने बुधवार को पिपली गीता द्वार से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार महा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस महा स्वच्छता अभियान के दौरान उपायुक्त नेहा सिंह ने पिपली गीता द्वार के आस-पास सडकों के किनारें पॉलिथीन को एकत्रित किया, झाड़ू लगाकर सडकों और आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में श्रमदान किया। इतना ही नहीं इस दौरान उपायुक्त नेहा सिंह ने पिपली गीता द्वार के आस-पास फल विक्रेता, करियाना स्टोर और ढाबा मालिकों के प्रतिष्ठानों पर जाकर जहां पॉलिथीन रखने को लेकर चेतावनी दी वहीं सड़कों पर गंदगी फैलाने पर सीधी कार्रवाई करते हुए 8 चालान भी किए।



**कुरुक्षेत्र।** पिपली में श्रमदान करती उपायुक्त नेहा सिंह।

उपायुक्त नेहा सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम से पहले कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए महा स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि सड़कों पर गंदगी ना फैलाएं, कचरे को डस्टबीन में ही डाले। अगर कोई व्यक्ति जानबूझ कर गंदगी फैलाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पिपली गीता द्वार की ट्रैफिक लाइट भी शुरू कर दी गई है और जल्द ही सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि एनएच-44 पिपली चौक के आस-पास जो भी दुकानदार, वाहन चालक, श्री विहलर, रेहड़ी चालक अगर सडकों पर अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। इसके कारण जहां पिपली में सडक दुर्घटनाएं बढ़ रही है वहीं साफ-सफाई व्यवस्था पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एससी अरविन्द्र कौशिक, डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह,डीएसओ मनोज कुमार, ईओ राजेश कुमार, सचिव अशोक कुमार, सीएसआई जितेन्द्र नरवाल, एसआई प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, अनूप कुमार, विरेन्द्र कुमार, सेवानिवृत चीफ कोच गुरविन्द्र सिंह, सेवानिवृत्त डीएसओ यशवीर सिंह, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, समाजसेवी नरेश कुमार,केएल बठला सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

#### गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों को थमाए चालान

उपायुक्त नेहा सिंह ने महा स्वच्छता अभियान के दौरान पिपली गीता द्वार के आस-पास फल फ्रूट दुकानदारों, ढ़ाबा मालिकों और करियाना स्टोर के मालिकों को गंदगी फैलाने पर हाथों में चालान थाम दिए। उपायुक्त ने दुकानदारों को सख्त आदेश भी दिए कि भविष्य में गंदगी मिली तो 1 हजार रुपए रोजाना के हिसाब से जुमार्ने की अदायगी करनी होगी। इतना ही नहीं महा अभियान के दौरान उपायुक्त ने स्वयं 8 दुकानदारों के चालान किए और 5 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया।

#### पॉलिथीन और सड़कों पर रखा सामान किया जब्त

उपायुक्त नेहा सिंह ने स्वयं दुकानों के अंदर जाकर पॉलिथीन व प्लास्टिक के प्रयोग को लेकर चैकिंग की। इस दौरान दुकानदारों के पास भारी मात्रा में पॉलिथीन पाए गए। उपायुक्त के आदेशानुसार नगर परिषद के अधिकारियों ने करीब आधा दर्जन दुकानदारों के पॉलिथीन को जब्त कर लिया और जुमार्ना भी लगाया। इसके अलावा उपायुक्त के आदेशानुसार जिन-जिन दुकानदारों ने होर्डिंग व अन्य सामान सड़कों पर रखा था। इस सामान को नगर परिषद द्वारा जब्त कर लिया गया।

#### सौंदर्यीकरण अभियान का भी किया शुभारंभ

उपायुक्त नेहा सिंह ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पिपली गीता द्वार से स्वच्छता के साथ-साथ सौंदर्यीकरण का भी आगाज किया। उपायुक्त ने गीता द्वार के पास पौधा रोपण किया। इसके साथ-साथ जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच, एसडीएम अमन कुमार ने भी गीता द्वार के पास पौधा रोपण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक के बीच डिवाइडर पर लगे पौधों की देख रेख की जाए और लोक निर्माण विभाग की तरफ से पेंट का कार्य भी किया जाए।

#### पेवर ब्लॉक लगाने के दिए निर्देश

उपायुक्त नेहा सिंह ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिपली चौक के आस-पास उबड़ खाबड़ जगह को समतल कर पेवर ब्लॉक लगाएं जाए और इस कार्य को आगामी 2 या 3 दिन में पूरा किया जाए। इसके साथ ही उपायुक्त ने एनएएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिपली पुल के नीचे कच्ची जमीन पर पेवर ब्लॉक लगाएं जाए और इस क्षेत्र का सौन्द्रर्यकरण किया जाए।

### विद्या भारती का उद्देश्य ज्ञानवान, संस्कारवान एवं चरित्रवान नागरिकों का निर्माण करना : नारायण



**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद् भगवद गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में विद्या भारती हरियाणा द्वारा प्रांतीय पुनश्चर्या एवं आचार्य विकास वर्ग 2 जून से 17 जून 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ग के तीसरे दिन दिशा बोध के अंतर्गत गीता निकेतन आवसीय विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह का सानिध्य व मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि विद्या भारती की विकास यात्रा 1952 में शुरू हुई जब गोरखपुर में पहला सरस्वती शिशु मंदिर स्थापित किया गया। यह संस्था शिक्षा के माध्यम से भारतीय मूल्यों और संस्कृति का संवर्धन करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि विद्या भारती, भारत में शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ी अशासकीय संस्था है। इसका पूरा नाम विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान है। विद्या भारती के द्वारा लगभग हजारों से ज्यादा शिक्षा संस्थान का कार्य कर रहे हैं। विद्या भारती का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में परिवर्तन के माध्यम से ज्ञानवान, संस्कार वान एवं चरित्रवान नागरिकों का निर्माण करना है। दिशा बोध की अध्यक्षता कर रहे आयुष विवि के कुलपति ने कहा कि मैकाले शिक्षा पद्धति ने भारतीय शिक्षा पर हमला किया परन्तु विद्या भारती के सहयोग से भारतीय संस्कृति व संस्कार आधारित शिक्षा पद्धति को पुनः जीवित किया गया।

## जगतार सिंह रागी जम्मू के भांजे की मृत्यु पर जत्थेदार झींडा ने जताया शोक

- एसआईटी गठित कर पूरे प्रकरण की जम्मू कश्मीर सरकार करवाए जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के जम्मू कश्मीर में धर्म प्रचार के लिए नियुक्त समन्वयक एवं सलाहकार भाई जगतार सिंह रागी जम्मू के भांजे हरलिव सिंह की रहस्मयी मृत्यु पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी जम्मू कश्मीर सरकार से की है। जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि हरलिव सिंह की रहस्यमयी परस्थितियों में मृत्यु से सिख जगत में गहरा रोष है। ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उन्होंने जम्मू कश्मीर सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि इस घटना से जम्मू कश्मीर में बसने वाले सिख परिवारों में असुरक्षा का माहौल है। इस पूरे प्रकरण की सच्चाई का पता लगाने के लिए एक एसआईटी गठित की जानी चाहिए। पुलिस गहनता से जांच कर इस मामले की सच्चाई सभी के सामने लाए। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से सामाजिक माहौल भी बिगड़ सकता है, इसलिए इन पर रोक लगाना अति आवश्यक है।



जगदीश सिंह झींडा

## कार्रवाई की गई

### बेटियों को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे आर्य वीरांगना दल योग एवं जीवन निर्माण शिविर में आज बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य शिक्षिका बहन अभिलाषा के नेतृत्व में सभी सहायक शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया। इस दौरान शिविर में पहुंची बेटियों को जूड़ो कराटे और लाठी से विकट परिस्थितियों में स्वयं की और दूसरों की कैसे सुरक्षा की जाए, यह सिखाया गया। इस अवसर पर शिविर के संयोजक जयपाल आर्य एवं प्रशिक्षण प्रमुख संजीव आर्य भी मौजूद रहे। गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्यश्री देवव्रत के पावन मार्गदर्शन में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा और गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संयुक्त प्रयासों से गुरुकुल में पांच दिवसीय शिविर लगा है जिसमें कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, जींद जिलों के विभिन्न गांवों से 800 से अधिक लड़कियां योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, स्तूप निर्माण, डम्बल, लेजियम और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।



### मल्टी मीडिया ऑनर बोर्ड का किया विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बी.एस.सी. मल्टी मीडिया कोर्स के ऑनर बोर्ड का विमोचन किया। इस ऑनर बोर्ड में चौबीस पूर्व विद्यार्थियों को सम्मिलित किया है। उन्होंने कहा कि मल्टी मीडिया क्षेत्र में छात्रों को रोजगार के नवीन अवसर प्राप्त होंगे। इसके लिए उन्होंने मल्टीमीडिया कोर्स के अस्सिटेंट प्रोफेसर गौरव कुमार, सुनीता, रितु को बधाई देते हुए कहा कि मल्टीमीडिया के विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में राष्ट्र की उन्नति के लिए कार्य कर रहे हैं। ऑनर बोर्ड में सम्मिलित सभी विद्यार्थीगण मल्टीमीडिया कोर्स के वर्तमान और भविष्य में आने वाले विद्यार्थियों के लिए ह्यआॅइकानह्न साबित होगे ऐसी मेरी आशा है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि देश के प्रमुख संस्थानों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मीडिया संस्थान में विभिन्न कोर्सो के साथ मल्टीमीडिया कोर्स के लिए सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन चल रहे हैं।



### किसानों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने नूह जिला के 9 गांवों की अधिग्रहित कृषि भूमि का बकाया मुहावजा देने, किसानों पर बनाए झूठे मुकदमे वापिस लेने और किसानों के दमन पर रोक लगानी की मांगों को लेकर जिला मुख्यालय कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन किया और उपायुक्त कुरुक्षेत्र की मार्फत मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों को आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राज्य उपप्रधान कामरेड बाबू राम व संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने कहा कि जिला नूह के गांव रोजका मेव, धिरदोंका, खेड़ी, रूपहेड़ी, महरोला, कवरसीका, बढ़लाकी, रिवासन, खोड़ बसई समेत 9 गांवों की कृषि जमीन को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अधिग्रहण किया था। सरकार ने पहले कुल 25 लाख रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा निर्धारित किया था। किसानों ने इस पर नाराजगी जताते हुए मुख्यरूप से यह मांग की थी कि गुरुग्राम और फरीदाबाद जिलों में अधिग्रहित जमीन के हिसाब से हमें भी मुआवजा दिया जाए।



### सीएम को भेंट किया अहिल्याबाई होल्कर का स्कैच

**पिहोवा।** गत दिनों लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं स्वर्ण जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जवाहर नवोदय स्कूल निवारसी के छात्र एवं छज्जूपुर वासी भाजपा के जिला सचिव लाड़ी पाल के सुपुत्र युवराज पाल के द्वारा पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का अपने हाथों से पेंसिल स्कैच(चित्र) बनाकर भेंट किया। जिसे देख कर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने छात्र युवराज पाल निवासी छज्जूपुर की पीठ थपथपाकर उसके उज्जवल भविष्य की





### जेईई एडवांस्ड परीक्षा में गुरुकुल के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्रों ने एक बार फिर अपनी उच्च शैक्षणिक क्षमता का प्रदर्शन किया है। गुरुकुल के छह छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है। अभिनव ने एआईआर 996 हासिल की, उसके बाद युवराज (1475) और अरमान सिंह (4162) रहे। अन्य क्वालीफायर में आयुष राज दुबे, अविरल वर्मा और अनिकेत शामिल हैं। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने छात्रों और शिक्षकों के कठिन परिश्रम और समर्पण की प्रशंसा की और इसे गुरुकुल परिवार के लिए गौरव का क्षण बताया। गुजरात के राज्यपाल और गुरुकुल के संरक्षक आचार्य देवव्रत ने सफल छात्रों बधाई और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।


### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन विकास साहनी पुत्र स्व. श्री शाम सुन्दर साहनी पुत्र स्व. श्री जोग राज साहनी निवासी मकान न. 77/11 मौहल्ला सैदान, शाहाबाद मा० जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा से मृतक श्री जोग राज साहनी की मृत्यु तिथि 13.09.1996 (मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या 160 दिनांक 17.09.1996, Moh Saidan, Shahabad), मृतक श्री वेद प्रकाश साहनी की मृत्यु तिथि 18.02.2014 (मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या 75 दिनांक 03.03.2014, Moh Saidan, Shahabad), मृतक श्री श्याम सुन्दर साहनी की मृत्यु तिथि 20.06.2014 (मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीकरण सख्या 189 दिनांक 01.07.2014, Moh Saidan, Shahabad) के कानूनी वारिस की रिपोर्ट जारी करने हेतु एक प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र व सलग्न हल्फनामों व रिपोर्ट नगरपार्षद व नम्बरदार अनुसार मृतक श्री जोग राज साहनी के निम्नलिखित वारिस है:-

**1.) दर्शना रानी विधवा वेद प्रकाश साहनी पुत्र स्व. जोग राज साहनी (पुत्रवधू) 2.) तमन्ना पुत्री स्व. श्री वेद प्रकाश साहनी (पोती), 3. रवीना कमल पुत्री स्व. श्री वेद प्रकाश साहनी (पोती) 4.) शशि बाला विधवा श्याम सुन्दर साहनी पुत्र स्व. श्री जोग राज साहनी (पुत्रवधू), 5. सपना पुत्री स्व. श्री श्याम सुन्दर साहनी (पोती) 6.) विकास साहनी पुत्र स्व. श्री श्याम सुन्दर साहनी (पोता)**

यदि इस बारे किसी व्यक्ति को आपति है तो वह तहसीलदार शाहाबाद के कार्यालय में इस पब्लिकेशन के 30 दिन के अन्दर अन्दर दर्ज करवा सकता है। यदि प्रार्थी द्वारा दी गई सूचना किसी भी समय गलत पाई जाती है तो प्रार्थी भारतीय दण्ड संहिता की धारा 212 व अन्य सबंधित कानूनों के तहत दण्ड का भागी होगा।

**हस्ता/-तहसीलदार, शाहाबाद**


**कार्यक्रम** संत शिरोमणि कबीर महाराज की राज्य स्तरीय जयंती के अवसर पर किया आमंत्रित

# प्रेरणा वृद्धाश्रम में पहुंची पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, बुजुर्गों के साथ की दिल की बातें सांझा

*वृद्धाश्रम के संस्थापक ने सुनीता दुग्गल को शाल ओढ़ाकर कर किया सम्मानित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देश के विभिन्न राज्यों से घरों से निकाले गए तथा अपनों द्वारा ठुकराए गए प्रेरणा वृद्धाश्रम में आश्रय लेने वाले बुजुर्गों से मिलने पूर्व महिला सांसद व भाजपा नेत्री सुनीता दुग्गल पहुंची। बुजुर्ग भी पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल से ऐसे मिले मानो उनके परिवार का सदस्य ही मिलने आया हो। इस मौके पर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने भी प्रेरणा वृद्धाश्रम की व्यवस्था एवं पूरे वृद्धाश्रम का अवलोकन करने के उपरांत कहा कि ऐसा व्यवस्थित, सुंदर व स्वच्छता से परिपूर्ण तथा निशुल्क बुजुर्गों की माता-पिता के समान आदर देने वाला वृद्धाश्रम आज से पहले कभी नहीं देखा है।



**कुरुक्षेत्र।** प्रेरणा वृद्धाश्रम में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल तथा अन्य। प्रेरणा वृद्धाश्रम में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल का सम्मान करते हुए हुए पदाधिकारी व सदस्य।

उन्होंने कहा कि यहां बुजुर्गों को प्रदान की जा रही सुविधाएं निहायत ही प्रशंसनीय हैं और बाकी वृद्धाश्रमों के लिए अनुकरणीय भी है। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल 11 जून को सिरसा में आयोजित संत शिरोमणि कबीर जी महाराज की राज्य स्तरीय जयंती आयोजन के लिए आमंत्रित करने पहुंची थी। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि संत कबीर जयंती के लिए पूरे प्रदेश के लोगों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। वह खुद प्रदेश के कई जिलों का दौरा कर चुकी हैं। समारोह सिरसा में होने के कारण पंजाब व राजस्थान से भी लोग यहां पहुंचेंगे। इस समारोह में हजारों की संख्या में लोगों की भागीदारी होगी और यह सिरसा में अब तक हुए बड़े कार्यक्रमों में से एक होगा। पूर्व सांसद ने प्रेरणा वृद्धाश्रम का अवलोकन करने के साथ यहां मंदिर में पूजा अर्चना की एवं शहीदों याद में बने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने सुनीता दुग्गल को शाल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। प्रेरणा संस्था की अध्यक्षा रेणु खुंगर ने भी अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान दिया एवं सक्रिय सदस्य हरकेश पपोसा ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सतीश बागड़ी, ओमप्रकाश लडवाल, अजमेर सिंह, बनारसी बागड़ी, नरेश, मास्टर धर्मेंद्र, प्रेम सिंह, महासिंह, डा. अजय इंदौरा, चेतन अटकाना, रणधीर सिंह, वीरता, नीलम बागड़ी, लखन सिंह, कमाली पपोसा, ज्योति खनगवाल, सुरेंद्र कुमार, भटेरी खुंडिया व वजीर सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ईनामी वांछित दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज गाड़ी पर फायर करने के मामले में सीआईए-1 ने मुख्य आरोपी सूरज तथा तरणजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पड़ोसी जिले यमुनानगर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों को 3 दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी सूरज ने बताया कि 21 मार्च 2025 को मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसने गाड़ी पर फायरिंग की थी। तरणजीत सिंह भी उसके साथ वारदात में शामिल था। फायरिंग के बाद वह मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए थे। इस मामले में सीआईए-1 ने अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### बुजुर्ग महिला से ठगी कर ले गए सोने की बालियां

**बराड़ा।** एक बुजुर्ग महिला के साथ दिनदहाड़े ठगी का मामला सामने आया है। 74 वर्षीय शांति देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 जून की शाम लगभग 6:30 बजे वह अपने घर से बाहर मुख्य गली में टहलने निकली थी। तभी एक युवक मोटरसाइकिल पर आकर उनके पास रुका। युवक ने मुंह पर मास्क पहन रखा था। उसने खुद को गांव की रहने वाली सुमन का बेटा बताया। शांति देवी के अनुसार युवक ने उसे कहा कि उसे उसकी मम्मी सुमन बुला रही है। वह पास ही गली में खड़ी है।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष बने गुरप्रीत

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास परिषद् नई दिल्ली के प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा गुरप्रीत सिंह कोबरा को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह कोबरा ने कहा कि वे इस पद की मान मर्यादा ईमानदारी और सत्य निष्ठा से गरिमा बनाए रखेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष चित्र कुमार सहित समस्त केंद्र और प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व का बहुत बहुत आभार प्रकट किया।

### उच्च रक्तचाप के नियंत्रण से जीवन होता है लंबा

**कुरुक्षेत्र।** जिला रेड क्रॉस समिति की चेयरमैन एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मनुष्य के लिए स्वास्थ्य अमूल्य धन है। सभी नागरिकों को अपने स्वास्थ्य को लेकर गंभीर होना चाहिए और एक अंतराल के बाद स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवानी चाहिए। उन्होंने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर आयोजित शिविर पर बोलते हुए कहा कि उच्च रक्तचाप को नियंत्रण रखना चाहिए।

### बच्चों ने जेब खर्च के पैसों से लगाई छबील

**पिहोवा।** गर्मी से आम लोगों को राहत दिलाने के लिए वार्ड नंबर 5 के बच्चों ने अपने जेब खर्च के पैसों सहित कुछ पैसे अपने अभिभावकों से इकट्ठा करके ठंडे मीठे शरबत की छबील लगाई। इस दौरान बच्चों ने राहगीरों को रोककर ठंडा जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। लोगों ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना की। बच्चों को अपना आशीर्वाद देने पहुंची समाजसेविका व नपा पार्षद ज्योति धवन ने कहा कि शास्त्रोनुसार गर्मी के मौसम में पानी पिलाने की व्यवस्था करना एक पुनीत और धार्मिक कार्य हैं।

## विज बोले, अंबाला छावनी में लगाई जाएंगी इंसुलेटेड तारें


# 38 करोड़ से बदलेगा बिजली का ढांचा, विकसित देशों की तर्ज पर होगा बिजली की आपूर्ति

### हादसों का खतरा होगा कम, कालोनियों में लो-वोल्टेज की समस्या भी हल होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में लगभग 38 करोड़ रुपए की लागत से बिजली का ढांचा बदला जाएगा। विकसित देशों की तर्ज पर विद्युत आपूर्ति की जाएगी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस कार्य का टेंडर मंजूर हो चुका है। उन्होंने बताया लगभग 38 करोड़ रुपए की लागत से छावनी में बिजली की तारों, खम्भों, ट्रांसफार्मरों का जितना भी ढांचा है वह सारे का सारा बदला जाएगा। इसे नंबर वन बनाया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस कार्य के होने से बिजली फाल्ट शून्य होगा और इसी को ध्यान में रखते हुए यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा सभी जगह पर पूरी वोल्टेज मिलेगी तथा इसके लिए वोल्टेज को कैलकुलेट किया गया है।

बिजली ढांचे को मजबूत व आधुनिक बनाने के लिए इंसुलेटेड तारें लगाई जाएंगी जिससे हादसों का खतरा कम होगा। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसी व्यवस्था विकसित देशों का परफेक्ट तरीका है। गौरतलब है कि अंबाला छावनी 24 घंटे उच्च गुणवत्तापरक बिजली आपूर्ति के लिए लगभग 38 करोड रुपए की मंजूरी प्रदान की गई है। इसके तहत 232 सर्किट किमी एलटी नंगे कंडक्टर को विभिन्न आकारों के एलटी आर्मर्ड एक्सएलपीई केबल से बदलना, 77 सर्किट किमी नए एसीएसआर कंडक्टर,एक्सएलपीई केबल के साथ मौजूदा 11केवी लाइन का विभाजन और 127 नंबर वितरण ट्रांसफार्मरों का विस्तार तथा अन्य कई कार्य शामिल हैं।


**अंबाला।** बिजली मंत्री अनिल विज व फीडर का दृश्य।

### कई कॉलोनियों हटाई लाइन

अंबाला छावनी में लगभग 20 किलोमीटर लंबी 33 केवी लाइन हटने पर प्रतिक्रिया देते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि बहुत देर से कई कॉलोनियों के ऊपर से 33केवी की तार जा रही थी जिसे हटाया गया है। पहले कई हादसे इस तार की वजह से हो रहे थे। अब इसके हटने से लोगों को फायदा होगा। घरों के ऊपर तारे हटने से खतरा कम होगा तथा लोग अपने भवनों को भी ऊपर बना सकेंगे। विज के प्रयासों से 33 केवीए लाइन अंबाला छावनी से धूलकोट तक को हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इस लाइन के हटने से अशोक नगर, पूजा विहार, करधान, नग्गल, रामपुर, सरसेहड़ी, आजाद नगर, आनंद नगर, दयालबाग व इसके आसपास कई कॉलोनियों, बब्याल, बोह, डिफेंस कॉलोनी के अलग-अलग सेक्टरों के अलावा डिफेंस कॉलोनी गुरुद्वारा समेत कई कॉलोनियों के लोगों को लाइन हटने से लाभ मिला है।

### मंत्री अनिल विज ने अपनी सियासी ताकत से बदली छावनी की तस्वीर



अंबाला। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य विजेंद्र चौहान ने कहा कि मंत्री अनिल विज प्रदेश में एकमात्र मंत्री हैं जिनके पास 2014 से अब तक जो भी मंत्रालय रहे हैं उनकी झलक अंबाला छावनी में देखने को मिलती है। उनको जब भी कोई राजनीतिक ताकत मिलती तो उन्होंने उस ताकत का उपयोग अंबाला छावनी की जनता की समस्याओं को हल करने व उनको सुविधाएं देने के लिए किया है। यही कारण है की अंबाला छावनी की जागरूक जनता उनको बार-बार चुनकर विधानसभा में भेजती है । उन्होंने अंबाला छावनी के लोगों के लिए नागरिक अस्पताल, होम्योपैथिक कॉलेज, फुटबॉल स्टेडियम, जिम्नास्टिक हाल, बैडमिंटन हॉल, साइंस म्यूजियम, ऑल वेदर स्विमिंग पूल, स्पोर्ट्स हॉस्टल, आयुष केंद्र , सुभाष पार्क पुलिस चौकी, महेश नगर थाना,स्ट्रॉम वाटरपाइप, दोबारा नगर परिषद बनवाना, अंबाला छावनी का सौदर्यीकरण, स्थानीय बस सेवा ,33 केवी की बिजली की लाइन हटवाना,38 करोड़ अंबाला छावनी में बिजली का ढांचा बदलने की तैयारी समेत ऐसे कार्य करवाए हैं जिन्हें पहले कोई नहीं करवा पाया।

# महावीर पार्क में जल्द शुरू की जाएगी बोटिंग


**अंबाला।** महावीर पार्क का दृश्य।

- दस किश्तियों के साथ दो मोटर बोट भी पहुंची
- 27 साल बाद शहरवासियों को बोटिंग मिलेगा लुत्फ, छह महीने से नगर निगम योजना पर कर रहा है काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के महावीर पार्क में बोटिंग शुरू होने की तैयारी हो गई है। 27 वर्ष बाद शहरवासी बोटिंग का लुत्फ उठाते नजर आएंगे। इसी सप्ताह में बोटिंग शुरू होने की बात कही जा रही है। इसके लिए नगर निगम की ओर से पिछले छह माह से काम चल रहा था। पार्क में बोटिंग के लिए 10 किश्ती पहुंच चुकी हैं। इसमें दो मोटर बोट और आठ पैडल बोट शामिल हैं। दो से तीन दिन में बोटिंग चलाने के लिए शुभारंभ हो सकता है। इसके बाद लोग यहां बोटिंग कर सकेंगे। यह परियोजना नगर निगम की देखरेख में चलेगी। बीते जनवरी माह में नगर निगम ने बोटिंग के लिए एजेंसी को वर्कऑर्डर जारी किया था लेकिन करीब पांच माह से बोटिंग शुरू नहीं हो पाई थी। अब यहां बोटिंग शुरू होगी। एजेंसी नगर निगम से प्रति वर्ष करीब सात लाख लेगी। बोटिंग के लिए अभी किराया कितना होगा, यह तय नहीं किया गया है। यह भी जल्द ही तय किया जाएगा। वहीं, पार्क के पानी को साफ करने के लिए कार्य चल रहा है। एजेंसी को पांच वर्ष के लिए वर्कऑर्डर दिया गया है। अभी छावनी के सुभाष पार्क में बोटिंग चल रही है। अब छावनी की तरह शहर में भी लोग बोटिंग कर सकेंगे, हालांकि महावीर पार्क में करीब 27 वर्ष पहले भी बोटिंग शुरू होगी। पहले भी यहां बोटिंग होती थी। पार्क के जीर्णोद्धार का कार्य कई वर्षों से चल रहा है। यह कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

# कला-संगीत व नृत्य का खूब लुत्फ उठा रहे छात्र

- शाहपुर नूर्द के सरकारी स्कूल में चल रहा है समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर नूर्द में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया गया। आयोजन के तीसरे दिन की जाने वाली एक्टिविटीज जैसे कला,संगीत,नृत्य और पेंटिंग के मुकाबले पुष्पिंदर सिंह धालीवाल एवं मनीष नेहरा के निर्देशन में करवाए गए। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं इस भारतीय भाषा उत्सव समर कैंप का मुख्य उद्देश्य देश के सभी विद्यार्थियों को अपने देश की सभी भाषाओं का ज्ञान करवाना है।जो कि जून 8, 2025 तक चलेगा । यह कार्यक्रम नई शिक्षा नीति 2020 के उपलक्ष्य में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत करवाया जा रहा है ।इस कैंप का उद्देश्य बच्चों में शब्दों का उच्चारण , वास्तविक जीवन में शब्दों का प्रयोग और बोलचाल की भाषा ,अपनी सांस्कृतिक एकता से जुड़ा रहना और आत्मविश्वास को बढ़ाना है ।इसके साथ-साथ विभिन्न भाषाओं और तकनीकी का प्रयोग भी जीवन को सफल बनाने में सहायक है। इस कैंप में लगभग 100 बच्चे प्रतिभागी है बच्चों ने सभी विधाओं में बहुत ही जोश और गर्मजोशी के साथ अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अपना ज्ञानवर्धन किया और इस कैंप का आनंद उठाया, इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर लाभ चंद एवं नोडल अधिकारी चमन लाल शास्त्री ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।


**नारायणगढ़।** कैम्प में भाग लेने वाले बच्चों के साथ अध्यापक।

# समर कैंप का खूब लुत्फ उठा रहे हैं छात्र

- कई गतिविधियों में कर रहे हैं हिस्सेदारी
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भूरेवाला में 8 तक चलेगा कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरेवाला में 8 जून 2025 तक आयोजित हो रहे सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप में बच्चों के शैक्षिक, सांस्कृतिक और मानसिक विकास के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रही हैं। विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. शिव कुमार ने बताया कि इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्म परिचय, शब्दकोश निर्माण, संस्कृति परिचय, वास्तविक जीवन बातचीत, आत्मबल, जैसे पहलुओं में निपुण बनाना है। यह सब प्रादेशिक भाषाओं और आधुनिक तकनीकी संसाधनों के माध्यम से भाषा अधिगम को रुचिकर और प्रभावशाली बनाने के लिए किया जा रहा है। डाइट मोहडा अंबाला से आए डॉ. अजय भारद्वाज ने भारतीय भाषा समर कैंप का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरेवाला में निरीक्षण किया और बच्चों के साथ योग एक्टिविटी में भाग भी लिया और बच्चों को प्रोत्साहित किया। भारद्वाज ने प्राध्यापक संजय धीमान, अनुराधा, लक्ष्मी के प्रयासों की खूब सहराना की। बच्चों को इस प्रकार की एक्टिविटी में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कैंप के तीसरे दिन विशेष रूप से प्राध्यापक संजय धीमान, लक्ष्मी और अनुराधा द्वारा आर्ट, म्यूजिक, योग और पेंटिंग की रचनात्मक गतिविधियां करवाई गई। कार्यकारी इंचार्ज संजय धीमान ने बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व से अवगत कराया। समझाया कि किस प्रकार योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से संतुलित जीवन व्यतीत कर सकते है। उन्होंने बच्चों को आसन और प्राणायाम की उपयोगिता समझाते हुए उसका अभ्यास भी कराया। प्रिंसिपल डॉ. शिव कुमार ने सभी अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।


**नारायणगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे कैंप में हिस्सेदारी करते छात्र व शिक्षक।

# छात्रों की सफलता के लिए शिक्षक और अभिभावक की सांझेदारी बेहद जरुरी



**बराड़ा।** पीटीएम के दौरान मौजूद शिक्षक व अभिभावक।

**बराड़ा।** लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहार, उपस्थिति और समग्र विकास पर अभिभावकों व शिक्षकों के बीच संवाद स्थापित करना था। बैठक की शुरुआत कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के लिए शिक्षक और अभिभावक दोनों की साझेदारी आवश्यक है। बैठक में विषय-शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की विस्तृत रिपोर्ट अभिभावकों को प्रस्तुत की। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, कक्षा में सहभागिता, आचरण और सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की। अभिभावकों को बच्चों की कमजोरियों और उन्हें दूर करने के उपायों से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने कॉलेज प्रशासन और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उपयोगी सुझाव भी सांझा किए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें अपने बच्चों की प्रगति को समझने और उन्हें बेहतर मार्गदर्शन देने का अवसर मिलता है।

# बदलावों की परिकल्पना करती है नई शिक्षा नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

मेवरिक्स इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई के दिशा-निर्देशानुसार *राष्ट्रीय शिक्षा नीति* विषय पर एक इन-हाउस शिक्षक प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें विश्वकर्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकों ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर भारती ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, देश की शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए एक व्यापक दिशानिर्देश है। यह नीति स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक, सभी स्तरों पर शिक्षा को प्रभावित करती है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा को छात्र-केंद्रित बनाना, रटने की प्रणाली को खत्म करना, और कौशल विकास पर जोर देना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य अब केवल ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और जिम्मेदार नागरिक बनाना होना चाहिए।

प्रधानाचार्या डॉ. सुमन पाहवा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020, शिक्षा में व्यापक बदलावों की परिकल्पना करती है। इसका उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली बनाना है जो भारतीय लोकाचार में निहित हो और सभी को गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करके भारत को एक ज्ञान समाज में बदलने में योगदान दे।


**मुलाना।** सेमीनार में मौजूद शिक्षक।

# डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

- 16 वार्डों में कचरा गाड़ी पहुँचने का टाइम टेबल भी बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका के प्रधान रजत मलिक ने नगरवासियों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन से संबंधित शिकायतों व सुझावों के लिए हेल्पलाइन नंबर 88140-88898 जारी किया है। यह हेल्पलाइन नंबर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सक्रिय रहेगा। चेयरमैन रजत मलिक ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी 16 वार्डों की गलियों को नंबरवार चिह्नित कर दिया गया है। इसके साथ ही हर गली के अनुसार एक विस्तृत सूची भी तैयार की गई है, जिसमें गली नंबर के साथ– साथ उस गली में कूड़ा उठाने वाली गाड़ी का नंबर, गाड़ी के ड्राइवर और हेल्पर का नाम व नंबर तथा संबंधित वार्ड के सुपरवाइज़र का मोबाइल नंबर भी शामिल है। उक्त सूची को वार्डवासियों तक पहुंचाने का कार्य स्थानीय पार्षदों एवं सेनिटेशन शाखा की मदद से किया जा रहा है। इससे सभी नागरिकों को यह जानकारी रहेगी कि उनकी गली में कूड़ा उठाने वाली गाड़ी किस समय आएगी। किसी समस्या की स्थिति में किससे संपर्क करना है। मलिक ने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने घर, दुकान या कार्यालय का कूड़ा केवल निर्धारित गाड़ी में ही डालें, न कि खुले स्थानों या सड़कों पर। उन्होंने कहा, अपने घर और शहर को स्वच्छ रखना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है।

# शिव कॉलोनी में चोरी की बड़ी वारदात, लाखों के गहने व नगदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

फ्लाईओवर के पास स्थित शिव कॉलोनी में बीती रात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए घर की खिड़की के शीशे तोड़कर लाखों रुपए के गहनों, नगदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय घर के मालिक सरदार रोहतास सिंह कनाडा में थे जबकि उनकी धर्मपत्नी गुरमीत कौर हरिद्वार गई हुई थीं। गुरमीत कौर ने अपने घर का एक कमरा कुलदीप कौर नामक महिला को किराए पर दे रखा था। घटना के समय कुलदीप कौर भी अपने पैतृक आवास तरावड़ी गई हुई थी। चोरों ने पूरे घर को खंगालते हुए मुख्य कमरे की खिड़की के शीशे तोड़े और अंदर घुसकर अलमारियों को खोल डाला। चोरी हुए सामान में सोने-चांदी के आभूषण, नगदी व अन्य कीमती वस्तुएं शामिल हैं। किराएदार कुलदीप कौर ने बताया कि चोरी में उनका भी काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, /"मेरे पास भी घर में कुछ ज़रूरी सामान और नगदी थी जिसे चोर साथ ले गए। बताया जा रहा कि मकान मालिक का 12-13 लाख का सामान चोरी हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्यवाही शुरू कर दी है।


**बराड़ा।** चोरी की वारदात की जानकारी देते हुए मकान मालिक।


## एमए साइकॉलोजी कोर्स करने का भी मिलेगा मौका

# राजकीय महिला कॉलेज में शुरू होंगी बीएससी मेडिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गांव बड़ागढ़ में स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया चल रही है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. उमेश भारती ने बताया कि यह महाविद्यालय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयास व दूरदर्शी सोच से 2018 में अस्तित्व में आया।इस समय महाविद्यालय में बीए, बीएससी नॉन मेडिकल, बीकॉम जर्नल, बीकॉम सीएवी तथा एमकॉम की पढ़ाई चल रही है। इसके साथ ही इसी सत्र से महाविद्यालय में बीएससी मेडिकल और एमए साइकॉलोजी के नए कोर्स भी शुरू किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आर्ट्स के सभी विषयों यथा हिंदी, इंग्लिश, हिस्ट्री, पोलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, मैथ, पंजाबी, संस्कृत, ज्योग्राफी के साथ-साथ साइकोलॉजी, पब्लिक ऐड, कंप्यूटर साइंस तथा सोशियोलॉजी विषय भी महाविद्यालय में पढाए जा रहे हैं। उन्होंने दाखिले के लिए आवेदन करने वाली सभी छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन करते समय अधिक से अधिक विषय संयोजनों को भरने का सुझाव दिया है। क्योंकि प्राय यह देखने में आता है कि अधिक अंक प्रतिशत वाली लड़कियां कम विषय संयोजन भरने के कारण दाखिले से वंचित रह जाती हैं। जबकि कम अंक प्रतिशत वाली लड़कियां अधिक विषय संयोजन भरने के कारण दाखिला लेने में सफल रहती हैं। इसीलिए दाखिले के लिए विषय संयोजन बहुत महत्वपूर्ण है। महाविद्यालय की ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया के विषय में प्राचार्या ने बताया कि 19 मई से स्नातक कक्षाओं में ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया चल रही है।

आवेदन प्रक्रिया 9 जून तक, ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन 21 मई से 15 जून तक, प्रथम मेरिट सूची 19 जून, 2025 तथा प्रथम मेरिट सूची की फीस भरने की तिथि 20 जून से 23 जून तक। द्वितीय मेरिट सूची 26 जून, 2025 द्वितीय मेरिट सूची की फीस भरने की तिथि 27 जून से 29 जून तक, बची हुई सीटों के लिए ओपन काउंसलिंग हेतु दोबारा पोर्टल खुलने की तिथि 2 जुलाई है।



**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर।